बाबा हैप्पी न्यू ईयर (Part-2) | By Suren Namdev

नया साल तो मनाएंगे हम खाटू धाम पे जकार
बाबा हैप्पी न्यू ईयर कर भक्तों पे मेहर

सबसे पहले तुम्हें बधाई तू है सबसे प्यारा
सपने सारे पूरे करना देना साथ हमारा
साल नया ये खुशियां लाए हो पिछले से बेहतर
बाबा हैप्पी न्यू ईयर कर भक्तों पे मेहर

छोटे से मेरे मन में आशाएं अपार है
होंगी पूरी तेरी कृपा से मुझको एतबार है
धन्य करो हे खाटूवाले चरनो में बिठाकर
बाबा हैप्पी न्यू ईयर कर भक्तों पे मेहर

सालों साल बीत गए अटूट अपना नाता है
हर सुख दुख में बाबा श्याम ही याद मुझे तो आता है
सुकून बड़ा मिलता है प्रभु तेरे दर पे आकर
बाबा हैप्पी न्यू ईयर कर भक्तों पे मेहर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%aa%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%82-%e0%a4%88%e0%a4%af%e0%a4%b0-part-2-by-suren-namdev/